CBSE Class 8 Maths Important Questions Chapter 3 चतुर्भुजों को समझना

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
आयत में प्रत्येक कोण का मान लिखिए।
उत्तर:
आयत में प्रत्येक कोण 90° का होता है।

प्रश्न 2.
समचतुर्भुज में विकर्ण कोणों के _________ होते हैं।
उत्तर:
अर्द्धक।

प्रश्न 3.
समान्तर चतुर्भुज में कौनसी भुजाएँ बराबर होती हैं?
उत्तर:
सम्मुख भुजाएँ।

प्रश्न 4.
समचतुर्भुज की रचना के लिए आवश्यक दो बिन्दु लिखिए।
उत्तर:

- भुजा की माप व दो संलग्न भुजाओं के मध्य का कोण।
- विकर्ण।

प्रश्न 5.
आयत की परिभाषा लिखिए।
उत्तर:
आयत एक ऐसा समान्तर चतुर्भुज होता है जिसमें प्रत्येक कोण समकोण होता है।